# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

## 19/02/2023

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Dainik Jagran, Palamu, (JKD)**

# पलामू के पांकी की सांप्रदायिक हिंसा में मुखिया पति समेत 13 गिरफ्तार

## डेढ़ हजार के खिलाफ प्राथमिकी, लोगों को पकड़ने के लिए पुलिस चला रही अभियान

- पांकी पुलिस एवं अर्द्धसैनिक बलों की छावनी में तब्दील, शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए किया गया मार्च
- उपायुक्त ने कहा–हिंसा के बाद स्थिति सामान्य है, किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा, खंगाले जा रहे वीडियो फुटेज

जागरण संवाददाता, मेदिनीनगर (पलामू) : महाशिवरात्रि का तोरणद्वार बनाने को लेकर पांकी में हुई सांप्रदायिक हिंसा के मामले में पलामू पुलिस ने कार्रवाई की है। पांकी पश्चिमी की मुखिया शहानी अंसारी के पति नेहाल अंसारी समेत 13 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। मामले में दोनों पक्षों (हिंदू-मुस्लिम) की ओर से पांकी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। एक पक्ष ने सौ नामजद एवं 500 अज्ञात जबकि दूसरे पक्ष ने 47 नामजद और एक हजार अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। दोनों पक्षों के लोगों को पकड़ने के लिए पुलिस अभियान चला रही है। पांकी को पुलिस एवं अर्द्धसैनिक बलों की छावनी में तब्दील कर दिया गया है। विधि व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस बलों ने सड़क पर मार्च किया।

पलामू के उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे और पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने गुरुवार को पांकी थाना में संवाददाता सम्मेलन कर मस्जिद चौक पर हुई हिंसा के मामले में कार्रवाई की जानकारी दी। उपायुक्त दोड्डे ने कहा कि हिंसा के बाद स्थिति सामान्य है। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। वीडियो फुटेज समेत विभिन्न स्रोतों से दोषियों की शिनाख्त कर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। कहा है–जो भी कानून हाथ में लेने की कोशिश करेगा, उसके साथ सख्ती से निपटा जाएगा। इलाके में धारा-144 लागू है। चार से अधिक लोगों के एक साथ जमा होने पर प्रतिबंध है। बता दें कि बुधवार को पांकी के मस्जिद चौक पर महाशिवरात्रि के तोरणद्वार को लेकर दो समुदायों में भिड़ंत हो गई थी। चार घंटे से ज्यादा समय तक पूरा इलाका रणक्षेत्र बना रहा। पत्थरबाजी और आगजनी हुई। घर, दुकान और बाइकें आग के हवाले की गईं। बुधवार शाम को भी एक घर में आग लगाने की कोशिश की गई। एसडीपीओ आलोक टूटी समेत डेढ़ दर्जन भर लोग घायल हुए हैं।



पांकी इलाके मे वज्रवाहन के साथ गुरुवार को फ्लैग मार्च करते जवान ● जागरण

### जुमे की नमाज और शिवरात्रि के मद्देनजर रविवार तक पलामू में बंद रहेगा इंटरनेट

जासं, मेदिनीनगर (पलामू) : पांकी में सांप्रदायिक हिंसा को लेकर पलामू जिले में 24 घंटे के लिए इंटरनेट सेवा बंद करने का आदेश गृह विभाग ने सभी टेलीकाम कंपनियों को दिया था। बुधवार शाम को इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई थी। इसे तीन दिन और बढ़ा दिया गया है। अब रविवार सुबह दस बजे के बाद इंटरनेट सेवा सामान्य होने की उम्मीद है। पांकी में दो संप्रदायों के बीच हिंसक झड़प के बाद इलाके में तनाव कायम हो गया। हालात को काबू में रखने के लिए राज्य के गृह विभाग के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का ने पलामू जिले में अस्थायी तौर पर इंटरनेट सेवा बंद करने का आदेश टेलीकाम कंपनियों को दिया था। इंटरनेट सेवा 15 फरवरी की शाम चार बजे से 16 फरवरी की शाम 4 बजे तक बंद रखी गई। 17 को जुमे की नमाज के दौरान मस्जिदों में काफी भीड़ जुटती है। इसके अलगे दिन 18 को महाशिवरात्रि है। उस दिन शिव बारात निकलती है। इसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं। दोनों दिन बड़ी संख्या में लोगों का जमावड़ा होने के कारण हिंसा की आशंका से एहतियातन ऐसी कार्रवाई की गई है। पलामू जिला प्रशासन की रिपोर्ट पर इंटरनेट सेवा स्थगित रखने की समयसीमा बढ़ा दी गई है।

> अब तक 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों पक्षों के डेढ़ हजार से ज्यादा लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। स्थिति नियंत्रण में है। जुमे की नमाज और महाशिवरात्रि को लेकर विशेष तैयारी की गई है।
>
> **– चंदन कुमार सिन्हा**, पुलिस अधीक्षक, पलामू (झारखंड)।

Cityplus News, Palamu, (New Delhi)

# पुलिस ने संदिग्ध लोगों को लिया हिरासत में, पूछताछ जारी




मस्जिद रोड मे पसरा सन्नाटा.

प्रतिनिधि, मेदिनीनगर

पांकी में दो गुटों के बीच हुई झड़प के तीसरे दिन भी पांकी बंद रहा. चौक-चौराहों में पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था देखी गयी. पलामू डीसी ए दोड्डे के अपील के बाद शुक्रवार को चार लोगों ने जुम्मे की नमाज अदा की. धारा 144 लागू होने के कारण साप्ताहिक हाट बाजार भी बंद रहा. घटना के बाद पिछले तीन दिनों से पांकी मुख्यालय व आसपास के सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय बंद रहे. पलामू डीसी ए दोड्डे व एसपी चंदन कुमार सिन्हा, सहित कई वरीय पदाधिकारियों ने स्थिति पर नियंत्रण करने के लिए उच्च स्तरीय बैठक की. साथ ही पूरे इलाका का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया. सदर एसडीओ राजेश कुमार साह के नेतृत्व में विधि व्यवस्था को दुरुस्त करने में प्रशासन अलर्ट रहा. रैफ के जवान ने शुक्रवार को फ्लैग मार्च भी किया. महाशिवरात्रि को लेकर सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त किया गया है.विभिन्न थाना के पुलिस पांकी के इलाके में



पांकी में भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेते उपायुक्त, एसडीओ व अन्य.



पांकी में फ्लैग मार्च करती पुलिस.

लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापामारी कर रही है. स्कूल बंद रहने के कारण बच्चों के पढ़ाई पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है. मैट्रिक व इंटर की प्रायोगिक परीक्षा भी प्रभावित हो रही है. वहीं परीक्षा की तैयारी में

अन्य संस्थानों में पढ़ाई करने में परेशानी हो रही है.पलामू डीसी ए दोड्डे ने बताया कि घटना के बाद स्थिति नियंत्रण में है. पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि गुरुवार की रात कुछ संदिग्ध लोगों को हिरासत में

## पुलिस हर पहलुओं की कर रही है जांच : एसपी

पलामू के पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि घटना के बाद पुलिस हर पहलुओं पर जांच कर रही है. इस घटना में बाहरी लोगों का हाथ है या नहीं इसकी भी गहनता के साथ जांच की जा रही है. उन्होंने कहा कि इस घटना में शामिल लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापामारी कर रही है.

**घटना के बाद आमजन जीवन प्रभावित** : घटना के बाद आमलोग प्रभावित हैं. व्यवसाय के साथ आमदिनी मजदूरी करने वाले लोग भी पूरी तरह से परेशान हैं. आवागमन पूरी तरह से प्रभावित है. इक्के दुक्के लोग ही सड़क पर नजर आ रहे हैं. दवा दुकान को छोड़कर सभी दुकान बंद है. पुलिस गश्त के कारण आमलोग घर में दुबके रहे. व्यवसायियों का कहना है कि घटना के बाद करोड़ों रुपये का व्यवसाय प्रभावित हुआ है. वहीं इंटरनेट सेवा बंद रहने के कारण ज्यादा

Allahanbad Exp, Prayagraj, (UP)

# आर ए एफ ने धूमधाम से मनाया महाशिवरात्रि पर्व

इलाहाबाद एक्सप्रेस / कपिल सिंह



**प्रयागराज।** शांतिपुरम स्थित 101 द्रुत कार्य बल में महाशिवरात्रि धूमधाम से मनाई गई इस उपलक्ष में गीतवा बातचीत पित्त अभिजीत थीम का एक सांस्कृतिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया इस समारोह में वाहिनी के कमांडेंट मनोज कुमार गौतम 101 आर ए एफ क्षेत्रीय कावा अध्यक्ष श्रीमती प्रीति गौतम की मौजूदगी में मशहूर गायक अभिजीत घोषाल द्वारा अपने सुरों का जादू शिव तांडव से आरंभ कर देश भक्ति तथा बॉलीवुड के गाने पर एक सेबढ़कर एक गाना गाया।
इस रंगमंच में आर ए एफ के जवानों व अधिकारियों ने अभिजीत घोषाल जीके शूरों में सुर मिलाया तथा एकता का संदेश दिया।
कमांडेंट महोदय अपने संबोधन में महाशिवरात्रि के महत्व पर प्रकाश डाला तथा 101 द्रुत कार्य बल के सभी कार्मिकों व उनके परिवारजनों को इस पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर प्रेमजीत कुमार द्वितीय कमान अधिकारी नरेंद्र कुमार द्वितीय कमान अधिकारी बृजेश कुमार दुबे उप कमांडेंट मुकेश कुमार उप कमांडेंट अन्य अधिकारी अधीनस्थ अधिकारी गण तथा सभी जवान एवं उनके परिवारजनों तथा बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

**Dinik Jagaran, Deoghar, (JKD)**

# तत्पर रहे रैफ व एनडीआरएफ के जवान



शिवगंगा तालाब में तैनात एनडीआरएफ की टीम • जागरण

**जागरण संवाददाता, देवघर :** महाशिवरात्री पर उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए देवघर में रैपिड एक्शन फोर्स व एनडीआरएफ की टीम की खासतौर पर प्रतिनियुक्ति की गई थी। एनडीआरएफ की टीम शिवगंगा तालाब में अपनी बोट पर सवार होकर गश्त लगा रहे थे। वहीं तट पर भी टीम के सदस्य मुस्तैद रहे। स्नान करने के क्रम में कोई हादसा न हो इसपर टीम का विशेष ध्यान था। वहीं रैपिड एक्शन फोर्स की टीम को रूट लाइन में तैनात किया गया था। इसके अलावा शिव बारात के रूट लाइन में भी सुरक्षा की जिम्मेवारी काफी हद तक रैफ के जवानों ने संभाल रखी थी। जिला पुलिस व जैप के जवान भी चौकस रहे। वहीं आला अधिकारी लगातार पूरी व्यवस्था पर पैनी नजर बनाए हुए थे।

Smart Halchal, Bavana, (New Delhi)

# पुलिस व रेपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने किया फ्लैग मार्च




**सिटीपल्स न्यूज, हिसार।** गृह मंत्रालय और महानिदेशालय के.रि.पु.बल. नई दिल्ली के आदेशानुसार 194 बटालियान कार्यबल के कमांडेंट श्री राकेश कुमार सिंह के निर्देशानुसार डी/194 बटा. द्रुत कार्य बल की एक प्लाटून श्री प्रद्युम्न कुमार सिंह, सहायक कमाण्डेंट की नेतृत्व में जिला हिसार हरियाणा में दिनांक 14-2-2023 से 20-2-2023 तक परिचित अभ्यास किए जाने के क्रम में को डी/194 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स के सहायक कमाण्डेंट प्रद्युमन कुमार सिंह के नेतृत्व में हिसार जिले में थाना सिविल लाईन, थाना अर्बन एस्टेट व थाना आजाद नगर के क्षेत्रों में जवानों ने फ्लैग मार्च किया।

इस दौरान रैपिड एक्शन फोर्स के अधिकारी री प्रद्युम्न कुमार सिंह, सहायक कमाण्डेंट, निरी. जीडी पुनिया, मनोज कुमार यादव, सहायक उप नि./जीडी संदीप कुमार एवं अन्य जवानों के साथ थाना सिविल लाईन के एसएचओ निरीक्षक दलबीर सिंह, थाना अर्बन एस्टेट के एसएचओ उप निरीक्षक रमेश कुमार में रैपिड एक्शन फोर्स के साथ फ्लैग मार्च में शामिल थे। उपरोक्त थाना प्रभारी से सहायक कमाण्डेंट प्रद्युम्न कुमार सिंह ने बातचीत कर उपरोक्त थानों के क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने बताया कि आपातकालीन स्थिति से निपटने से पहले वहां की स्थिति का जायजा लेना पड़ता है। इसलिए हम लोगों ने शहर में फ्लैग मार्च कर शहरों की स्थिति को जाना है। इस मौके पर सहायक कमांडेंट प्रद्युम्न कुमार सिंह ने बताया कि इस प्रकार का अभ्यास पूरे शहर/ जिले में किया जा रहा है जिसका उद्देश्य भविष्य में चुनौतियों से आसानी से निपटा जा सके।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।